ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 01-06-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-06-01 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

| मौसम कारक | 2021-06-02 | 2021-06-03 | 2021-06-04 | 2021-06-05 | 2021-06-06 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 25.0 | 10.0 | 5.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 32.0 | 34.0 | 35.0 | 36.0 | 36.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 20.0 | 22.0 | 23.0 | 23.0 | 24.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 80 | 80 | 75 | 75 | 75 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 50 | 45 | 45 | 40 | 35 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 14.0 | 14.0 | 12.0 | 12.0 | 12.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 70 | 130 | 130 | 50 | 310 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 6 | 5 | 3 | 2 | 2 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (25 – 31 मई, 2021) में 10.2 मिमी वर्षा होने व आसमान मेआंशिक से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 31.5 से 36.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 19.2 से 25.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 67 से 88 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 36 से 68 प्रतिशत एवं हवा 1.4 से 7.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली। आगामी 1 से 3 जून को कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है तदपश्चात मौसम साफ रहेगा। हवा के 12.0-14.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पूर्व व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.0 से 36.0 व 24.0 से 25.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| ईआरएफएस के अनुसार, 6 से 12 जून के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः 1 व 2 जून को हवा के तेज गति लगभग 30-40 किमी/घंटे की गति से चलने की सम्भावना है।

## सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.1-0.3 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में बहुत अधिक नमी की स्थिति दर्शाता है। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| आगामी 1 से 3 जून को कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है तदपश्चात मौसम साफ रहेगा।<br>चेतावनीः 1 व 2 जून को हवा के तेज गति लगभग 30-40 किमी/घंटे की गति से चलने की सम्भावना है। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| चावल | मध्यम व देर से पकने वाली प्रजातियो की नर्सरी डालने का कार्य पूर्ण करें। |
| भिण्डी | तना एवं फल छेदक का प्रकोप होने पर 0.5 मिली इंडोक्साकार्ब और 0.5 मिली स्टिकर को प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |
| मक्का | मक्का की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मिर्च | मौसम को ध्यान मे रखकर मिर्च की बुवाई करें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गाय | बढ़ती हुई बछियों के उचित बढ़वार हेतु उन्हे प्रतिदिन लगभग 20-25 ग्राम नमक अवश्य दें। |